Publication	Navbharat Times
Language/Frequency	Hindi/Daily
Page No	04
Date	19th May 2018

NBT नवभारत टाइम्स

ब्लू बेल्स व रमन मुंजाल ने स्टेट लेवल में बनाई जगह

डिस्ट्रिक्ट रोल बॉल टूर्नामेंट में अंडर-17 कैटिगरी में हुए मुकाबले

■ **एनबीटी न्यूज, गुड़गांव**

सेक्टर-7 एक्सटेंशन स्थित पॉल स्टार पब्लिक स्कूल में शुक्रवार को हुए अंडर-17 डिस्ट्रिक्ट रोल बॉल टूर्नामेंट में गर्ल्स और बॉयज दोनों कैटिगरी के मुकाबले हुए। बॉयज कैटिगरी में रमन मुंजाल विद्या मंदिर विजेता, केएसए टीम उपविजेता और ग्रीनवुड पब्लिक स्कूल व ब्लूबेल्स पब्लिक स्कूल की टीम संयुक्त रूप से तृतीय स्थान पर रही। वहीं, लड़कियों में ब्लूबेल्स स्कूल व ग्रीनवुड पब्लिक स्कूल की टीम संयुक्त विजेता बनी। ये टीमें स्टेट लेवल पर खेलेंगी। रोल बॉल असोसिएशन के अध्यक्ष गजराज ने बताया कि प्रतियोगिता सुबह 9 बजे से शुरू हुई। इसमें सभी स्कूलों के खिलाड़ियों के बीच में कड़ा मुकाबला देखने को मिला। चयनित खिलाड़ियों को 26 और 27 मई को करनाल में होने वाली राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेने का मौका मिलेगा। रोल बॉल टूर्नामेंट में ब्लू बेल्स पब्लिक स्कूल, रमन मुंजाल विद्या मंदिर, ग्रीनवुड पब्लिक स्कूल, सीसीए स्कूल, गवर्नमेंट सीनियर सेकंडरी स्कूल सेक्टर-4, रोटरी पब्लिक स्कूल, सनसिटी वर्ल्ड स्कूल और सिद्धेश्वर स्कूल ने हिस्सा लिया।